# सहायता कहाँ से प्राप्त करें

यदि आपको लगता है कि आप मनी म्यूलिंग (पैसों के लेन-देन के/की) शिकार हो गए/ई हैं, तो आपको तुरंत www.cyber.gov.au पर रिपोर्ट बटन का उपयोग करके पुलिस को रिपोर्ट करना चाहिए

# सहायता के अन्य स्रोत

**स्थानीय पुलिस**
131 444

**ट्रिपल ज़ीरो**
जीवन को खतरे में डालने वाली आपात स्थिति में
000

**ऑस्ट्रेलियाई फेडरल पुलिस**
www.afp.gov.au

**CrimeStoppers**
गुमनाम रूप से रिपोर्ट करें
1800 333 000
crimestoppers.com.au

**सोशल मीडिया**
आपने जिस सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर पोस्ट देखी, उसे एक स्कैम के रूप में रिपोर्ट करें।

**IDCARE**
राष्ट्रीय पहचान और साइबर सहायता सेवा
www.idcare.org

**आपका बैंक**
तुरंत अपने बैंक या वित्तीय संस्थान से संपर्क करें

**सोशल मीडिया**
स्कैमों की शिकायत यहाँ भी की जा सकती है
scamwatch.gov.au

**Lifeline**
संकट सहायता की लाइन
13 11 14

AFP | JPC3
JOINT POLICING CYBERCRIME COORDINATION CENTRE

# सतर्क रहें

## अपराधी यूनिवर्सिटी के छात्रों को निशाना बना रहे हैं



यदि कोई आपसे भुगतान के बदले में आपके बैंक खाते के माध्यम से पैसे स्थानांतरित करने के लिए कहता है, तो वे आपसे मनी म्यूल बनने के लिए कह रहे हैं।

**#DontBeAMule**

**अपराधी** छात्रों/छात्राओं को (ऑनलाइन और व्यक्तिगत रूप से) निशाना बना रहे हैं और उन्हें अपने बैंक खाते में धन प्राप्त करने और इसे किसी अन्य खाते या क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज में स्थानांतरित करने के लिए भुगतान करने की पेशकश कर रहे हैं। दूसरों की ओर से चुराए गए धन को स्थानांतरित करने के लिए अपराधियों द्वारा **मनी म्यूल्स** की भर्ती की जाती है, और कभी-कभी उन्हें इसकी भनक लगे बिना।

हस्तांतरित किए जा रहे धन का उपयोग अक्सर अपराधियों द्वारा **साइबर अपराध, आतंकवाद और मानव तस्करी जैसे अन्य गंभीर अपराधों को वित्तपोषित करने के लिए किया जाता है।**

ऑस्ट्रेलिया में, मनी म्यूलिंग में भाग लेना एक गंभीर आपराधिक ज़ुर्म है। दोषी पाए जाने पर आपको **12 महीने से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है।**

आपराधिक गतिविधि में शामिल होने के अलावा, आप अपने बैंक या वित्तीय संस्थान की शर्तों का उल्लंघन करने का जोखिम उठाते/ती हैं और **अपने बैंक खातों तक पहुँच** खो सकते/ती हैं।

### अपराधी आपसे निम्नलिखित के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं:

- ! सोशल मीडिया (जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट)
- ! इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप्स (जैसे व्हाट्सएप, वाइबर, टेलीग्राम)
- ! नौकरी की झूठी पेशकश (उदाहरण के लिए 'मनी ट्रांसफर एजेंट')
- ! ऑनलाइन पॉप-अप विज्ञापन व्यक्तिगत रूप से या ईमेल के माध्यम से सीधे संपर्क करते हैं

## व्हाट्सएप पर मनी म्यूल जॉब घोटाले का उदाहरण:

आपको एक अज्ञात नंबर से मनी ट्रांसफर एजेंट के रूप में नौकरी की पेशकश करने वाला एक संदेश प्राप्त होता है।




# मनी म्यूल भर्ती घोटालों से सुरक्षित रहें

## रुकें

- इस बात पर विचार करने के लिए कुछ समय निकालें कि क्या यह पेशकश इतनी अच्छी है कि इसपर यकीन करना ही मुश्किल है, सतर्क रहें।
- उन नौकरी विज्ञापनों पर संदेह करें जो जल्दी और आसानी से पैसा कमाने का अवसर प्रदान करते हैं।

## जांच करें

- संभावित नियोक्ता के बारे में उचित शोध किए बिना किसी भी अवसर के लिए साइन अप न करें। उदाहरण के लिए, क्या उनकी ऑनलाइन उपस्थिति है? क्या संपर्क विवरण वैध हैं? क्या यह विदेश में स्थित है?

## अस्वीकार करें

- बड़ी रकम की पेशकश करने वाले किसी भी ऑनलाइन पोस्ट से न जुड़ें।
- उन लोगों से संदेश अनुरोधों को स्वीकार न करें जिन्हें आप नहीं जानते/ती हैं, और यदि आपको किसी मित्र से क्लिक करने के लिंक वाला संदेश प्राप्त होता है, तो जवाब देने से पहले उनसे व्यक्तिगत रूप से बात करें।
- किसी ऐसे व्यक्ति के साथ बैंक और व्यक्तिगत विवरण साझा न करें जिसे आप जानते/ती नहीं हैं या जिस पर आपको भरोसा नहीं है - यहाँ तक कि दोस्तों या परिवार के बीच में भी।
- यदि कोई आपका खाता 'उधार' लेने के लिए कहे, तो नहीं कहें।
- यदि आपको संदेह है कि कुछ सही नहीं है, तो प्रस्ताव अस्वीकार कर दें।

## स्वीकार करें

- प्रतिष्ठित नौकरी साइटों और पंजीकृत व्यवसायों पर ही भरोसा करें।

हमेशा याद रखें कि यदि आप धन के स्रोत के बारे में निश्चित नहीं हैं, तो यह आपराधिक गतिविधि से आया हुआ हो सकता है। पैसों का लालची बनने और आपराधिक सजा होने का जोखिम न उठाएं, यदि आप एक अंतरराष्ट्रीय छात्र/त्रा हैं तो आपराधिक सजा आपकी छात्र वीज़ा पात्रता को भी प्रभावित कर सकती है।